## श्रद्धांजलि सभा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

आज दिनांक 6 दिसंबर 2022 को जनता कॉलेज बकेवर , इटावा में शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की विशाल श्रद्धांजलि सभा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित सभी शिक्षकों , शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने माल्यार्पण कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में डॉ एमपी सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर ने 117 देशों के संविधान, सभी धर्म संप्रदाय एवं विचारधाराओं का अध्ययन करने के बाद सबसे उपयुक्त कानून सभी के विकास के लिए कानूनी प्रावधान संविधान में किए। बाबा साहब ने केवल संविधान ही नहीं बनाया बल्कि भारत का बैंकिंग सिस्टम, उनके द्वारा की गई रिसर्च रुपए की समस्या एवं समाधान पर आधारित है। देश में पावर ग्रिड सिस्टम , वाटर ग्रिड सिस्टम, हीराकुंड परियोजना आदि सार्वभौमिक विकास डॉ अंबेडकर के अनुसंधान पर आधारित हैं। कृषि के क्षेत्र में लो कॉस्ट-हाई प्रोडक्शन टेक्निक्स बाबा साहब द्वारा की गई रिसर्च स्मॉल होल्डिंग्स एंड इट्स ओरिजन एंड इट्स सॉल्यूशन पर आधारित है। इस देश की आधी आबादी महिलाओं को सम्मान एवं उनके अधिकार दिलाने के लिए बाबा साहब हिंदू कोड बिल लेकर आए। जब बिल पास नहीं हुआ तो बाबा साहब ने कानून मंत्री पद से त्यागपत्र देकर महिलाओं के सम्मान एवं अधिकार के लिए संघर्ष किया और महिलाओं को हक अधिकार व सम्मान दिला कर रहे। ऐसे महामानव जिन्होंने प्रत्येक जीव , जंतु, पेड़, पौधे एवं मानव कल्याण के लिए कार्य किया हो उन्हें हम कोटि-कोटि नमन करते हैं । कार्यक्रम में डॉ मनोज कुमार यादव , डॉ एसके विश्वकर्मा, डॉ धर्मेंद्र कुमार,डॉ डीएन सिंह, डॉ नलिनी शुक्ला, डॉ ज्योति भदौरिया, डॉ इंदुबाला मिश्रा आदि सभी वरिष्ठ प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी व कालेज के विद्यार्थी , राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

प्रशासनिक भवन